सबगुरु डिजिटल मीडिया प्लेटफार्म
फेसबुक पेज लिंक
https://www.facebook.com/sabgurunews/
वेबसाइट लिंक
https://www.sabguru.com/
यूट्यूब चैनल लिंक
https://www.youtube.com/channel/UCCcLf90UP-prqTinNwqUXZg/

English Article Link:
https://www.sabguru.com/en/the-role-of-dopamine-under-standing-the-feel-good-hor-mone/

SABGURU NEWS

RNI TITLE CODE NO. RAJBIL27046

# सबगुरु न्यूज

(राष्ट्रीय द्विभाषीय पाक्षिक)

मो.9887907277 Email ID sabgurunews@gmail.com Website https://www.sabguru.com

सम्पादक - विजय सिंह

खबरों के लिए स्कैन करें

वर्ष 1 | अंक 20 | अजमेर, बुधवार 10 अप्रैल 2024 | मूल्य 5 रुपए | पृष्ठ-4







# आधी आबादी के समक्ष नतमस्तक हुए पीएम नरेन्द्र मोदी

## • पुष्कर में भाजपा की विजय शंखनांद रैली • भागीरथ चौधरी और ज्योति मिर्धा को संबल







लोकसभा चुनाव 2024

*अजमेर/पुष्कर/नागौर। लोकसभा चुनाव के समर में प्रदेश की सभी 25 सीटों पर जीत का लक्ष्य लेकर उतरी भाजपा के अजमेर से भागीरथ चौधरी और नागौर से ज्योति मिर्धा के समर्थन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अजमेर के निकटवर्ती तीर्थराज पुष्कर के मेला मैदान पर विजय शंखनांद रैली में कांग्रेस और विपक्षियों पर कड़ा प्रहार करते हुए दो टूक कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफलड़ाई जारी रहेगी। सरकार बनते ही हम बड़े फैसले लेंगे।*

### मुख्यमंत्री भजनलाल बोले 3 माह में पूरी की मोदी की गारंटी

सभा में मौजूद मुख्यमंत्री भजनलाल ने इसे सबका सौभाग्य बताया कि भाजपा 45वें स्थापना दिवस पर मोदी ब्रह्मा की नगरी पुष्कर आए हैं। उन्होंने 25 की 25 सीटें भाजपा को जिताने के साथ पांच लाख वोट मार्जिन से जिताने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि तीन महीने की सरकार में मोदी गारंटी को पूरा किया गया है। इससे पहले मोदी का सतरंगी साफाए 45 कमल फूलों का गुलदस्ता भी भेंट किया गया।

### ये सब तो ट्रेलर है अभी तो बहुत कुछ करना है

उन्होंने कांग्रेस और इंडिया गठबंधन पर तंज कसते हुए कहा कि वे जितना कीचड़ उछालेंगे कमल उतना ही खिलेगा। मोदी चट्टान की तरह खड़ा है। पिछले 10 वर्षों में लूट और भ्रष्टाचार की बीमारी का परमानेंट इलाज कर इनकी दुकान का शटर गिरा दिया। ये सब तो ट्रेलर है अभी तो बहुत कुछ करना है। आपका सपना.मोदी का संकल्प है। 2047 तक भारत को विकसित कर दुनियां की तीसरी आर्थिक ताकत बनाना है।

### कांग्रेस के 5 न्याय 25 गांरटी घोषणा पत्र झूठ का पुलिंदा

मोदी ने कांग्रेस के 5 न्याय 25 गांरटी घोषणा पत्र को झूठ का पुलिंदा करार देते हुए कहा कि यह उनका घोषणा पत्र कांग्रेस को ही बेनकाब करने वाला है जिसमें से भारत के टुकड़े करने की बूं आती है। उन्होंने कहा कि आजादी के समय मुस्लिम लीग के विचारों को कांग्रेस भारत पर थोपना चाहती है जिसमें वामपंथी भी शामिल हो गए।उन्होंने कहा कि आज की कांग्रेस के पास न सिद्धांत हैं और नीतियां हीए उन्होंने सब कुछ ठेके पर दे दिया है। कांग्रेस जहां रहती हैए वहां का विकास हो ही नहीं सकता। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कभी भी गरीबों-वंचितों के लिए नहीं सोचा। कांग्रेस परिवारवाद और भ्रष्टाचार करने वाली पार्टी है एक तो करेला दूसरे नीम चढ़ा। राम मंदिर पर पीएम मोदी ने कहा कि राम मन्दिर बना ये शुभ है या नहीं आप बताओ। कांग्रेस ने तो प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आने वाले नेताओं को पार्टी से ही निकाल दिया। इस राम नवमी पर अयोध्या को भव्य रूप से सजाया जाएगा।

### मोदी ने किया नारी शक्ति का आह्वान,आशीर्वाद मांगा

प्रधानमंत्री ने केंद्र में भाजपा शासन में पिछले 10 सालों में नारी उत्थान की योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि मैं हर मां का दुखदर्द समझता हूं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के मकान महिलाओं के नाम, प्रसूता महिला को छह माह का अवकाश, महिला मुखिया का बैंक खाता आदि अनेक काम नारी उत्थान के लिए किए गए हैं। महिलाओं को संसद.विधानसभा में भी आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने नारी शक्ति का आह्वान किया और कहा कि उनके आशीर्वाद की जरूरत है।

### मातृशक्ति की बड़ी संख्या में मौजूदगी,मोदी ने झुक कर किया प्रणाम

सभा में महिलाओं के बडी संख्या में मौजूदगी से गदगद मोदी ने संबोधन के दौरान महिलाओं को धन्यवाद दिया। उन्होंने मंच पर आते ही सबसे पहले मातृशक्ति की ओर झुक कर प्रणाम किया। मोदी ने कहा कि नीयत सही हो तो नतीजे सही आते हैं। आज गांव की बेटियां ड्रोन उड़ा रही हैं। आज खेल के मैदान में हमारी बेटियां कमाल कर रही हैं। इसरो के बड़े प्रोजेक्ट्स को महिलाएं हैंडल कर रही हैं। सेना में भर्ती हो रही हैं। दुनियां में महिला पायलट्स का सबसे ज्यादा प्रतिशत भारत में हैं। अब हमारा 30 करोड माता बहनों को लखपति दीदी बनाना चाहता हूं।

### भागीरथ चौधरी तथा ज्योति मिर्धा की जिताने की अपील

मोदी ने भाजपा की जीत सुनिश्चित कराने में अपार जनसमूह से अपील करते हुए कहा कि अजमेर में भागीरथ चौधरी को एक बार फिर उम्मीदवार बनाया है। नागौर में मेरी छोटी बहन ज्योति मिर्धा प्रत्याशी हैं। इन दोनों को दिए वोट मोदी को दिए वोट समझना। राजस्थान में इस बार भी 25 में से 25 सीट भाजपा की झेली में डालनी है। संबोधन के अंत में पीएम मोदी ने जनसभा में मौजूद लोगों से बडी सहजता से पूछा कि मेरा एक काम करोगे आप घर-घर जाकर मेरा ये काम करोगे या नहीं लोगों के हां कहने पर पीएम मोदी ने कहा कि आप घर-घर जाकर सबको कहना मोदी ने प्रणाम भेजा है।

### प्रदेश में पानी की समस्या के निदान का मार्ग प्रशस्त

मोदी ने राजस्थान.गुजरात में पानी की विकट समस्या का जिक्र करते हुए कहा कि राजस्थान में कांग्रेस के कारण वर्षों से लटकी ईआरसीपी को 100 दिन में ही सहमति बनाकर राज्य के अनेक जिलों में पानी की समस्या के निदान का मार्ग प्रशस्त कर दिया गया। उन्होंने कहा कि देश में राजस्थान की चर्चा नकारात्मक कारणों पेपर लीक, अपराध, माफिया, महिला अत्याचार, बलात्कार जैसे मामलों मेंए लेकिन भाजपा राज आते ही की गई कार्रवाइयों से दोषियों को पकड़ा जा रहा है। ये सब भाजपा की तेज रफ्तार का परिणाम हैं।

## सम्पादकीय

### मोदी की गारंटी बनाम कांग्रेस का न्याय

लोकसभा चुनाव की तैयारी के बीच सभी राजनीतिक दल अपने अस्तित्व को प्रभावी बनाने के उद्देश्य को लेकर बयानबाजी कर रहे हैं। इतना ही नहीं विपक्षी राजनीतिक दल केवल वर्तमान सत्ताधारी दल के विरोध पर ही अपना पूरा फोकस करते हुए चुनावी मैदान में हैं। इसके अलावा एक बड़ी बात यह भी है कि भाजपा ने जहां मोदी की गारंटी को प्रमुख हथियार बनाकर अपने मन में विश्वास बनाया है वहीं अब कांग्रेस भी इसका अनुसरण करने की नीति अपना रही है। भाजपा की ओर से मोदी की गारंटी के बाद कांग्रेस के राहुल गांधी अपनी पार्टी की 25 गारंटी जनता के सामने लाए हैं। इसके साथ ही कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र को न्याय पत्र का नाम देकर एक नई राह बनाने का काम किया है। हालांकि पिछले लोकसभा चुनाव भी कांग्रेस ने न्याय देने के वादे पर ही लड़ा था लेकिन अपेक्षित परिणाम प्राप्त नहीं हुए। हम जानते हैं कि भाजपा ने 2014 के चुनाव में भारत के चाय वालों के साथ गहरा संबंध स्थापित किया था इसी प्रकार 2019 के चुनाव में कांग्रेस के चौक़ीदार चोर है के जवाब में मैं भी चौक़ीदार का नारा देकर गरीब तबके को अपने साथ जोड़ा था। इस चुनाव में मोदी की गारंटी भाजपा का नारा है। कांग्रेस ने भी गारंटी देने का वादा किया हैए लेकिन जनता किसकी गारंटी को स्वीकार करती है यह समय बताएगा। मैं इस लेख को किसी राजनीतिक दल के समर्थन या विरोध के लिए नहीं लिख रहा हूँ लेकिन जो सच है उसको लिखने से कोई आशय निकलता है तो भले ही निकले लेकिन उसे परिवर्तित नहीं किया जा सकता। उल्लेखनीय है कि एक बार पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी ने कांग्रेस की योजनाओं की नाकामी को स्वीकार करते हुए सार्वजनिक रूप से व्यक्त किया था कि सरकार गरीब जनता तक जो लाभ पहुंचाती है उसका मात्र 15 प्रतिशत ही पहुँच पाता था। इसका आशय यह भी है कि 85 प्रतिशत राशि या तो कमीशन खोरी में जाता था या प्रशासनिक अव्यवस्था की भेंट चढ़ जाता था। इसका एक अर्थ यह भी निकाला जा सकता है कि कांग्रेस के शासन काल में हर शासकीय योजना भ्रष्टाचार का शिकार हुई। इसके विपरीत वर्तमान केंद्र सरकार में कम से कम इतना तो हुआ ही है कि गरीब तक पहुँचने वाला लाभ बिना किसी बिचौलिए के पात्र व्यक्ति को ही शत प्रतिशत मिल रहा है। यानी अब योजनाएं बिना किसी भ्रष्टाचार के पूरी हो रही हैं। कांग्रेस पार्टी की और से दी जाने वाली गारंटी निश्चित ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं के मनोबल में बढ़ोत्तरी करेगी। क्योंकि अब उनके पास भी जनता के बीच अपनी योजनाएं रखने के लिए मौका है। कांग्रेस के यह बात भी एक संजीवनी का कार्य कर रही है कि उसके नेता राहुल गांधी जनता के बीच जाने के लिए बहुत तेजी से सक्रिय होते जा रहे हैं। लेकिन महत्वपूर्ण तथ्य यह भी है कि कांग्रेस को केवल मोदी विरोध की राजनीति से तौबा करना चाहिए उसे केवल जनता के बीच जाकर अपने वादे बताकर जनता से संबंध बनाने की दिशा में कदम बढ़ाना चाहिए क्योंकि हर व्यक्ति की अपनी शैली होती है। मोदी की शैली यही है कि वह जनता की भावना के अनुसार ही अपना भाषण देते हैं। इसके अलावा राहुल गांधी कभी कभी पटरी से उतरते दिखाई देते हैं।कांग्रेस की ओर से जारी किए गए घोषणा पत्र में न्याय देने की बात कही गई है। साथ ही जातिगत जनगणना करने का भी वादा किया गया है। हो सकता है जातिगत जनगणना का वादा कांग्रेस के लिए लाभकारी साबित हो लेकिन इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि इस मुद्दे पर भारत की पूरी जनता आँख बंद करके समर्थन करने के लिए आगे आ जाए। क्योंकि जो संस्थान या व्यक्ति समाज को एक करने के लिए प्रयास कर रहीं हैं उनको कांग्रेस का यह वादा न्यायसंगत नहीं लग रहा होगा। यह बात सही है कि आज समाज बदल रहा है। वह जातिगत समाज के बाहर आकर भारतीय समाज यानी एकत्रित समाज होने की दिशा में बढ़ रहा है। ऐसे में यह भी कहा जा सकता है कि कांग्रेस का यह कदम समाज में विभाजन की लकीर खींचने का काम कर सकता है।इस देश के अनेक चुनावों में यह देखने को मिला है कि विपक्षी दल महंगाई और भ्रष्टाचार के मुद्दे पर सरकार को घेरने का अभियान सा चलाते थे। इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्रित्व काल में मेहंगाई के मुद्दे को उछालकर कांग्रेस की नींद हराम कर दी थीए इसी प्रकार बोफोर्स मामले को मुद्दा बनाकर विपक्ष ने चुनाव लड़ाए जिसमें राजीव गांधी की सरकार को सत्ता से हाथ धोना पड़ा। आज विपक्ष के पास सरकार के विरोध में ऐसा कोई मुद्दा नहीं है जिस पर सरकार को घेरा जा सके। इसके विपरीत सत्ता पक्ष की ओर से विपक्ष पर ही भ्रष्टाचार के आरोप लगाए जा रहे हैं। यह राजनीति की दशा और दिशा को बदलने वाला दृश्य कहा जा सकता है। यह पहला चुनाव कहा जा सकता हैए जिसमें सत्ता पक्ष विपक्ष को भ्रष्टाचार के मुद्दे पर घर रहा है। विपक्ष के कुछ दल इस मामले में मौन साधे हुए हैं क्योंकि जिन पर भ्रष्टाचार के आरोप लग रहे हैं वे या उनके साथी उनके साथ हैं। इससे यह भी साफसंकेत जाता है कि भ्रष्टाचार के विरोध में विपक्ष की कोई योजना नहीं है। मोदी सरकार के दस साल के कार्यकाल में एक भी भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं हैए जबकि विपक्ष पर आज भी आरोप लग रहे हैं। कई तो जमानत पर बाहर हैं।

# कांग्रेस के घोषणा पत्र पर मोदी की टिप्पणी से भड़के मल्लिकार्जुन खडगे



नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने पार्टी के घोषणा पत्र को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की टिप्पणी पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के पुरखों पर आजादी की लड़ाई में देश का नहीं बल्कि अंग्रेजों और मुस्लिम लीग का साथ देने का आरोप लगाया। खडगे ने कहा कि मोदी गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा कांग्रेस के घोषणा पत्र को लेकर उल्टी सीधी बातें कर रहे हैं और तरह-तरह का भ्रम फैलाया जा रहा हैए जबकि सच्चाई यह है कि उनकी विचारधारा ने आजादी के आंदोलन में अंग्रेजों का साथ दिया तथा मुस्लिम लीग का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि मोदी.शाह के राजनीतिक व वैचारिक पुरखों ने स्वतंत्रता आंदोलन में भारतीयों के खिलाफ़ अंग्रेज़ों और मुस्लिम लीग का साथ दिया। आज भी वो आम भारतीयों के योगदान से बनाए गए कांग्रेस न्याय पत्र के खिलाफ मुस्लिम लीग की दुहाई दे रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि मोदी.शाह के पुरखों ने 1942 में भारत छोड़ो के दौरान महात्मा गांधी के आवाहन व मौलाना आज़ाद की अध्यक्षता वाले आंदोलन का विरोध किया। सभी जानते हैं कि आपके पुरखों ने 1940 में मुस्लिम लीग के साथ मिलकर बंगाल, सिंध और एनडीएफपी में अपनी सरकार बनाई। क्या श्यामा प्रसाद मुख़र्जी ने तत्कालीन अंग्रेज़ी गवर्नर को ये नहीं लिखा कि 1942 के देश व कांग्रेस के भारत छोड़ो आंदोलन को कैसे दबाना चाहिए और इसके लिए वे अंग्रज़ों का साथ देने के लिए तैयार है। मोदी-शाह व उनके मनोनीत अध्यक्ष आज कांग्रेस घोषणापत्र के बारे में उल्टी-सीधी भ्रांतियां फैला रहें हैं। उन्होंने कहा कि मोदी जी के भाषणों में केवल आरएसएस की बू आती है दिन पर दिन भाजपा की चुनावी हालात इतनी खस्ता होती जा रही है कि आरएसएस को अपने पुराने मित्र मुस्लिम लीग की याद सताने लगी है।

सच केवल एक है .कांग्रेस न्याय पत्र में हिंदुस्तान के 140 करोड़ लोगों की आशाओं व आकांक्षाओं की छाप है। उनकी सम्मिलित शक्ति मोदी जी के 10 सालों के अन्याय काल का अंत करेगी।

## लोकसभा चुनाव-नागौर संसदीय क्षेत्र में मिर्धा परिवार का रहा दबदबा





नागौर। राजस्थान में लोकसभा चुनावों में नागौर संसदीय क्षेत्र में अब तक हुए चुनावों में मिर्धा परिवार का दबदबा रहा है और पिछले 18 चुनावों में सबसे ज्यादा नौ बार इस परिवार के सदस्यों ने बाजी मारी और जिसमें पूर्व केन्द्रीय मंत्री नाथूराम मिर्धा सर्वाधिक छह बार इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया।

आगामी 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव में मिर्धा परिवार की सदस्य एवं नाथूराम मिर्धा की पोती एवं पूर्व सांसद ज्योति मिर्धा फिर चुनाव लड़ रही हैं और उनका मुकाबला गत लोकसभा चुनाव में उन्हें शिकस्त देने वाले राष्ट्रीय लोकतांत्रितक पार्टी के संयोजक हनुमान बेनीवाल से हैं। हालांकि ज्योति मिर्धा पिछला चुनाव कांग्रेस से लड़ा था और इस बार वह कांग्रेस छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में आ गई और वह भाजपा प्रत्याशी के रुप में यहां से फिर चुनाव मैदान में हैं। पिछली बार बेनीवाल ने भाजपा के साथ गठबंधन किया था और इसके बाद चुनाव लड़कर लोकसभा पहुंचे थे। लेकिन बाद में उन्होंने गठबंधन को तोड़ लिया और वह गत विधानसभा में खींवसर से फिर रालोपा उम्मीदवार के रुप में विधायक चुने गए और अब उनका विपक्ष के इंडिया गठबंधन के साथ गठबंधन हुआ हैं और कांग्रेस ने इसके लिए यह सीट बेनीवाल के लिए छोड़ दी है।नागौर में अब तक लोकसभा के एक उपचुनाव सहित अठारह चुनाव हो चुके हैं उनमें मिर्धा परिवार के नाथूराम मिर्धा वर्ष 1971 एवं 1977 में कांग्रेस एवं वर्ष 1980 में कांग्रेस यू उम्मीदवार के रुप में चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंचे। इसके बाद वह वर्ष 1984 में अपने ही परिवार के सदस्य एवं कांग्रेस प्रत्याशी रामनिवास मिर्धा से चुनाव हार गए थे। इसके बाद नाथूराम मिर्धा ने वर्ष 1989 में जनता दल प्रत्याशी के रुप में चुनाव लड़ा और फिर जीत हासिल की। इसके बाद उन्होंने वर्ष 1991 में फिर कांग्रेस उम्मीदवार के रुप में चुनाव लड़कर पांचवीं बार लोकसभा पहुंचे और इसके पश्चात वर्ष 1996 के चुनाव में उन्होंने एक बार फिर कांग्रेस प्रत्याशी के रुप छठी बार सांसद बने।

उनके निधन के बाद वर्ष 1997 में हुए उपचुनाव में उनके पुत्र भानू प्रकाश मिर्धा ने भाजपा प्रत्याशी के रुप में चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। यह मिर्धा परिवार की आठवीं जीत थी। इसके बाद वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव में ज्योति मिर्धा चुनाव मैदान में उतरी और वह कांग्रेस उम्मीदवार के रुप में जीत हासिल करके पहली बार लोकसभा पहुंची लेकिन मिर्धा परिवार की यह जीत नौवीं जीत थी।नागौर संसदीय क्षेत्र में अब तक हुए चुनाव में सर्वाधिक 11 बार कांग्रेस ने जीत हासिल की अपना दबदबा बनाया जबकि भाजपा ने तीन बारए स्वतंत्र पार्टी ने दो बार जनता दल एवं रालोपा ने एक.एक बार चुनाव जीता। इनमें वर्ष 1952 के पहले चुनाव में स्वतंत्र पार्टी के जीडी सोमानीए वर्ष 1957 कांग्रेस के मथुरादास माथुरए 1962 में कांगेस के एस के डे 1967 में स्वतंत्र पार्टी के एन के सोमानी 1998 एवं 1999 में कांग्रेस के रामरघुनाथ चौधरीए 2004 में भाजपा के भंवर सिंह डांगावास एवं 2014 सीआर चौधरी ने क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया।

उल्लेखनीय है कि इस बार चुनाव में ज्योति मिर्धा एवं बेनीवाल के अलावा बहुजन समाज पार्टी के गजेन्द्र सिंह राठौड़, राष्ट्रीय जनशक्ति पार्टी ;सेक्युलर, एवं अभिनव राजस्थान पार्टी के अशोक चौधरी एवं चार निर्दलीयों सहित नौ उम्मीदवार चुनाव मैदान में अपना चुनावी भाग्य आजमा रहे हैं। इस चुनाव में ज्योति और बेनीवाल के बीच कड़ा मुकाबला होने के आसार हैं।

## विवाहिता साथ सामूहिक दुष्कर्म के 7 आरोपी गिरफ्तार

कोटा। राजस्थान के कोटा में रेलवे कॉलोनी थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक विवाहिता के साथ सामूहिक दुष्कर्म के मामले में 7 रोपियों को गिरफ्तार किया है जबकि शेष आरोपियों की पहचान कर उनकी तलाश जारी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार एक ठेकेदार के यहां मजदूरी करने वाली 40 वर्षीय यह विवाहिता दिहाड़ी मजदूरी का भुगतान लेकर शुक्रवार की रात रेलवे कॉलोनी थाना क्षेत्र में नहर किनारे के सुनसान रास्ते से अपने घर लौट रही थीए तो उसे अकेला पाकर तीन.चार युवकों ने उसे रोक लिया और पहले उसके साथ मारपीट कर मजदूरी की रकम छीन ली और बाद में ड़रा.धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म किया और अपने कुछ साथियों को भी बुला लिया।पुलिस ने इस मामले में कमलेश कोली ;25, विष्णु गौतम ;23,शाकिर हुसैन ;24 और गजेंद्र तंवर ;24 को गिरफ्तार कर लिया और अब उनके साथियों की तलाश की जा रही है। तीन बच्चों की मां महिला मूल रूप से मध्य प्रदेश की रहने वाली है और कोटा में अपने पति के साथ रहकर दिहाड़ी मजदूर करती है।

## मोदी की डिग्री मामले में संजय सिंह को नहीं मिली राहत

नई दिल्ली। सुप्रीमकोर्ट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शैक्षणिक डिग्री पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह को समन जारी करने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका सोमवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने गुजरात की एक एडिशनल चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट ;एसीएमएम की ओर से जारी समन आदेश में हस्तक्षेप करने से साफतौर पर इनकार कर दिया। पीठ ने सिंह की अपील पर विचार करने से इनकार करते हुए उनके अधिवक्ता से कहा कि क्षमा करें। हम इच्छुक ;उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप करने केद्ध नहीं हैं। सिंह ने एसीएमएम के समन आदेश पर मुहर लगाने वाले गुजरात उच्च न्यायालय के आदेश को खारिज करने की मांग करते हुए शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था। शीर्ष अदालत ने सिंह को राहत देने से इनकार कर दिया और उच्च न्यायालय के उस आदेश पर सहमति जताई जिसमें उनकी याचिका खारिज कर दी गई थी। इस आपराधिक मानहानि के मुकदमे में सिंह के अलावा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी आरोपी हैं। गुजरात विश्वविद्यालय ने मोदी की डिग्री के संबंध में एक और दो अप्रैल 2023 को दिए गए श्री सिंह के कथित व्यंग्यात्मक और अपमानजनक बयानों के खिलाफ आपराधिक मानहानि का मामला दायर किया था।गुजरात उच्च न्यायालय ने प्रधानमंत्री की डिग्री पर मुख्य सूचना आयुक्त के आदेश को रद्द कर दिया था। इसके बाद गुजरात विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार पीयूष पटेल ने अरविंद केजरीवाल और संजय सिंह के खिलाफ ;मोदी पर कई कथित टिप्पणियों के खिलाफमानहानि का मामला दायर किया था।

# एसीबी के पूर्व डीजीपी बीएल सोनी भाजपा में शामिल

जयपुर। राजस्थान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीति एवं रीति से प्रभावित होकर लोकसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने का सिलसिला जारी है और मंगलवार को यहां भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के पूर्व महानिदेशक बीएल सोनी भाजपा में शामिल हो गए।सोनी ने भाजपा कार्यालय में ज्वाइंनिंग कमेटी के संयोजक डॉ. अरूण चतुर्वेदी की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण पंचारिया ने सोनी को भाजपा का दुपट्टा पहनाकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई।इस अवसर पर डा चतुर्वेदी ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में देश 2047 के विकसित भारत की ओर बढ़ रहा है। उनके दस साल के कार्यकाल में योजनाएं धरातल पर पहुंची और विकास के काम तेजी से हुए। ऐसे में विश्व की सबसे बड़ी पार्टी से जुड़ने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है।



भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद सोनी ने मोदी और भाजपा की नीतियों को विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए अहम बताया और पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर आरोप लगाते हुए कहा कि निजी एंव राजनैतिक स्वार्थ के चलते प्रदेश के लाखों युवाओं के साथ कुठाराघात किया गया है।प्रदेश में नाथी के बाडे और सांचौर की पाठशाला की चर्चा जोरों से चलने लगी। ऐसे में भाजपा सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पेपरलीक माफ्यिाओं के खिलाफकार्रवाई करने के लिए एसआईटी का गठन किया। उन्होंने कहा कि एसआईटी पेपरलीक माफ्यिाओं के खिलाफबेहतर ढ़ग से कार्य कर रही है।

कांग्रेस शासन में संस्थागत भ्रष्टाचार हो रहा था मध्यस्थ के बिना किसी का काम नहीं हो रहा था। मध्यस्थ भी कैबिनेट रैंक से भी उपर पहुंच गए थे लेकिन अब भाजपा सरकार के शासन में युवाओं के साथ न्याय होगा। सोनी ने कहा कि मोदी विकास पुरूष के रूप में देखे जाते हैं और उनके दस वर्ष के कार्यकाल से विश्व में भारत की पहचान एक नए विकसित भारत के साथ शक्तिशाली भारत के रूप में हो रही है।चौबीस घंटे में से बीस घंटे लगातार नई ऊर्जा से सबका साथए सबका विकास और सबका उत्थान के ध्येय वाक्य के लिए अगर कोई कार्य कर रहा है तो वह मोदी है और ऐसे में उनकी टीम से जुड़कर अच्छा अनुभव होने वाला है।उन्होंने कहा कि वह भाजपा में सेवा करने के हिसाब से शामिल हुए हैं और अपनी पूरी सामर्थ्य एवं ईमानदारी के साथ सबके साथ मिलकर काम करने का प्रयास करेंगे। सेवा में रहते भ्रष्टाचार की बात नहीं उठाने के सवाल पर सोनी ने कहा कि सिस्टम में मर्यादा होती हैं और उससे निकलने के बाद अगर तत्काल यह बात नहीं उठाते हैं तो मन की ईमानदारी नहीं होती हैंए अवसर मिलने पर अपनी बात कहनी चाहिए।उन्होंने कहा कि वह सेवा में रहते भी जब पेपरलीक की बातें 'यादा आ रही थी तो उन्होंने कई बैठकों में अपने हिसाब से बातें उठाने का प्रयास किया था। उन्होंने कहा कि उस समय एसीबी की देश में सर्वाधिक ट्रेप एवं बड़ी मछलियों को पकड़ने वालो में पहचान हुई थी।उन्होंने कहा कि उस समय करीब 600 प्रकरण ऐसे थे जिनमें सरकार की स्वीकृति नहीं मिल पाई थी और उनमें कई मामले है जो अब खुल रहे हैं और भ्रष्टाचार उजागर हो रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे भी कई मामले थे जिनमें आरोपी को पकड़ लिया गया लेकिन उसमें अभियोजन की स्वीकृति नहीं मिल पाई थी। कई बड़े मामलों में अभियोजन की स्वीकृति नहीं मिल पाई। जब एसीबी की कार्रवाई 'यादा बढ़ने लगी तो उसके संसाधनों एवं सुविधाओं में कटौती भी कर दी गई।सोनी ने कहा कि आज उनका पहला ही दिन है और उनके पास पुख्ता एवं बहुत जानकारी हैं और वह समय समय पर इसे उठाते रहेंगे और जो भी अपराधी हैं वे बचने वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि एसओजी पूरी टीम भावना से लग रही हैं और कोई सोचे कि रसूक से बच जायेगा लेकिन वह बच नहीं पाएगा।

## अफवाहें फैलाकर मेरी छवि को खराब करने की कोशिश की जा रही – कंगना रनौत



मंडी। हिमाचल प्रदेश के मंडी लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी व बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत द्वारा गौ.मांस खाने को लेकर मचे राजनीतिक बवाल के बीच खुद कंगना ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट शेयर कर अपनी प्रतिक्रिया दी है। कंगना ने लिखा है कि वह किसी भी तरह का गौ.मांस व रेड मीट नहीं खाती है। यह बहुत ही शर्मनाक है कि मेरे बारे में इस तरह की अफ्वाहें फैलाई जा रही है। कंगना ने कहा है कि गौमांस को लेकर इस तरह की अफ्वाहें फैलाकर मेरी छवि को खराब करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि मैंने दशकों से यौगिक व आयुर्वेदिक जीवन शैली के बारे में बातें की हैं और उन्हीं के अनुसार ही जीवन जीने के बारे में प्रचार किया है। मैं गर्व से कह सकती हूं कि मैं हिंदू हूं और मेरे लोग मुझे अच्छी तरह से जानते हैं। कंगना ने कहा कि मेरे लोगों को कोई भी गुमराह नहीं कर सकता है।गौरतलब है कि दो दिन पूर्व रा'य के लोक निर्माण विभाग मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने सोशल मीडिया पर पोस्ट के माध्यम से गौ मांस के सेवन को लेकर भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत व भाजपा को अप्रत्यक्ष रूप से घेरने की कोशिश की थी।इस पोस्ट में सिंह ने कहा था कि हिमाचल प्रदेश देवी देवताओं का पवित्र स्थल व देवभूमि है जहां गौमांस सेवन करने वाले चुनाव लड़ रहे हैं। यह हमारी संस्कृति के लिए चिंता का विषय हैंए जिसका राजनीति से कोई सरोकार नहीं हैं। सिंह की इस टिप्पणी पर बीते रोज मंडी पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी थी।



# नवसंवतसर पर बदली शहर की फिजां, अजमेर में हिन्दू नववर्ष की धूम

◆ आनासागर चौपाटी पर विक्रम मेले में जुटी भीड़ ◆ प्रमुख चौराहों को सजाया, घरों पर फ्हराई ध्वजा ◆ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने मनाया स्थापना दिवस








अजमेर। हर साल की तरह इस बार भी अजमेर शहर में सनातन धर्म के अनुसार विक्रम संवत 2081 की पहली तारीख चैत्र शुक्ल प्रतिपदा 9 अप्रेल मंगलवार को नवसम्तसर धूमधाम से मनाया गया। रात 12 बजते ही सोशल मीडिया पर हिन्दू नव वर्ष की बधाईयां और शुभकामनाएं देने का सिलसिला शुरू हुआ जो सोमवार शाम तक जारी रहा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना भी वर्ष प्रतिपदा को हुई थी। समस्त शाखा स्थलों पर स्वयंसेवक एकत्र आए तथा ध्वज प्रमाण किया गया। विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ताओं ने सुबह प्रमुख चौराहों से गुजरने वाले आमजनों के तिलककर मोली बांधी उन्हें नीम की पत्ती, काली मिर्च व मिश्री का प्रसाद वितरण कर नववर्ष की बधाई दी।नवसम्वतसर समारोह समिति अजयमेरु के अध्यक्ष निरंजन शर्मा ने बताया कि शहर के चौराहों को आकर्षक रूप से सजाया गया। पूर्व संध्या पर ये चौराहे झिलमिल रोशनी से जगमग नजर आए। घरों पर ध्वजा फ्राई गई तथा हिंदू पंचाग का वितरण किया गया। सनातन संस्कृति के अनुरूप अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी क्रम में पूर्व संध्या पर सोमवार शाम आनासागर चौपाटी पर विक्रम मेले का शहरवासियों ने लुत्फ उठाया।मेले में महिलाओं ने रंगोली बानाकर दीप प्रज्जवलित किए। देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समां बांध दिया। नासिक के कलाकारों ने ढोल वादन और नृत्य पेश किए। महाकाल की सवारी व शिव बारात में सर्व समाज की ओर से 13 झांकियां सजाई गई। इसमें भगवान श्रीराम, भारत माता, नौ देवियों की झांकियां प्रमुख रही। मेले के दौरान बच्चों ने उंट और घोडे की सवारी की। व्यंजनों की स्टालों पर खूब भीड देखी गई। झील किनारे किए गए दीपदान से दीपक पानी में टिमटिमाते दिखे।

अर्घ्य प्रदान कर सूर्य भगवान का स्वागतः-संस्कार भारती अजयमेरु ने विक्रम संवत 2081 के उपलक्ष्य में लेक फ्रंट आनासागर पर प्रभाती भजन गायन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ मां भारती के चित्र के समक्ष संस्था अध्यक्ष मधुलिका नाग व क्षेत्र प्रमुख डॉ सुरेश बबलानी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। संगीत सभा में राहुल नायक ने श्रीराम पर आधारित भजन प्रस्तुत किए। उनके साथ तबले पर यश शर्मा ने संगत दी। गायन में सहयोग हर्ष फुल्लवरिया का रहा। संगीत सभा के आयोजन के साथ.साथ सूर्य की प्रथम रश्मि को उपस्थित जन समूह के द्वारा अर्घ्य प्रदान कर सूर्य भगवान का स्वागत किया गया।कार्यक्रम में संस्था के कार्यक्रम संयोजक अरविंद शुक्लाए सह संयोजक अनिल सिंघल, महेंद्र जैन मित्तल, प्रांत कोषाध्यक्ष नंदलाल शर्मा, प्रांत सह महामंत्री योगबाला वैष्णव, कार्यक्रम की सहसंयोजिका सुमन वैष्णव, कृष्ण मोहन रंगा, संजय सेठी, रंजना समेत शहर के गणमान्य जन उपस्थित थे। मंच संचालन महामंत्री कृष्ण गोपाल पाराशर ने किया। उपस्थित जन्म समूह को आगामी लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय हित में शत प्रतिशत मतदान करने का आवाहन क्षेत्र प्रमुख डॉक्टर सुरेश बबलानी ने किया।

# CBDT clarifies on media reports claiming special drive to reopen cases with reference to HRA




Certain instances of mismatch of information as filed by the taxpayer and as available with the Income Tax Department have come to the notice of the Department as part of its routine exercise of verification of data. In such cases, the Department has alerted the taxpayers to enable them to take corrective action. However, some posts on social media, as well as articles in the media, have highlighted enquiries initiated by the Central Board of Direct Taxes (CBDT) in cases where employees have made incorrect claims of HRA and rent paid.

At the outset, it is stated that any apprehensions about retrospective taxation on these matters and re-opening of cases on issues pertaining to HRA claims is completely baseless.Data analysis was carried out in some high-value cases of mismatch between the rent paid by the employee and receipt of rent by the recipient for the FY 2020-21.This verification was done in a small number of cases without re-opening bulk of cases, especially since Updated Return for FY 2020-21 (AY 2021-22) could have been filed by the taxpayers concerned only till 31.03.2024.

It is underlined that the objective of the e-verification was to alert cases of mismatches of information for FY 2020-21 only without affecting the others.

It is reiterated that there is no special drive to re-open such cases, and media reports alleging that large-scale re-opening is being undertaken by the Department are completely misplaced.

लोकसभा चुनाव 2024

# वातानुकूलित कमरों में बैठकर पसीना बहा रहे भाजपा और कांग्रेस नेता







अजमेर। चैत्र माह में ही ज्येष्ठ की तपीश के बीच हो रहे लोकसभा चुनाव की जंग में भाजपा और कांग्रेस दोनों ही पार्टियों ने सुविधा संपन्न चुनाव कार्यालय खोले हैं। भाजपा ने जहां लाखों रुपए किराए वाले सिविल लाइन में सौमांग्ल्य होटल को वहीं कांग्रेस ने राजहंस वाटिका को चुनाव समापन होने तक के लिए बुक किया हुआ है।दोनों ही प्रमुख राजनीतिक पार्टियों के रणनीतिकार अपने अपने मुख्य चुनाव कार्यालयों के वातानुकूलित कमरों में बैठ कर जीत के सपने बुनते हुए पसीना बहा रहे हैं। उधर सूरज की बढती तपीश के बीच मतदाताओं को रिझाने के लिए पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की फौज को चुनावी समर में झोंक दिया गया है। भाजपा प्रत्याशी भागीरथ चौधरी और कांग्रेस प्रत्याशी रामचंद्र चौधरी जीत का ख्वाब संजोए अलसुबह से लेकर देर रात तक जनसंपर्क कर रहे हैं।

## भाजपा व कांग्रेस ने की भोजन प्रसादी की सुविधा






भाजपा और कांग्रेस दोनों ही के मुख्य चुनाव कार्यालय में चाय की चुस्की तथा भोजन प्रसादी की सुविधा मुहैया कराई गई है। भरी धूप में कार्यकर्ताओं को भले ही इस सुविधा का लाभ ना मिल रहा हो पर नेता, पदाधिकारी और दूर दराज से आने वाले खास लोगों के लिए ये भंडारे सहज सुलभ है। प्रेस कांफ्रेंस और मीडिया बंधुओं को भी खान पान कराकर मिजाजपुर्सी करने की कवायद भी चुनाव कार्यालय में हो जाती है।

## अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र में अंडर करंट का खौफ



भाजपा प्रत्याशी भागीरथ का रोड शो अजमेर उत्तर में भी हो चुका है लेकिन इस रोड शो में आधे समय स्थानीय विधायक वासुदेव देवनानी नदारद रहे। देवनानी चाह कर भी बीजेपी के भागीरथ रथ नहीं खींच पा रहे। विधानसभा स्पीकर बनने के बाद उनके चारों ओर खिंची लक्ष्मण रेखा ने उनका दायरा सीमित कर दिया है। बागी ज्ञान सारस्वत की अब तक घरवापसी ना होना भी भागीरथ के लिए घाटे का सौदा दिख रहा है। कहीं ऐसा नहीं हो कि अपनों के बीच बिजी रहने वाले भाऊ इस चुनाव में उत्तर से भागीरथ को रामचन्द्र से पटखनी ना दिलवा दे। उधर कांग्रेस प्रत्याशी रामचन्द्र चौधरी खुद अजमेर उत्तर के निवासी हैं। वे निवर्तमान कार्यकारिणी और कांग्रेस के विधानसभा में हारे प्रत्याशी महेन्द्र सिंह रलावता की ओर टकटकी लगाए हुए हैं। पार्टी बैठकों में रलावता जरूर दहाडते और कार्यकर्ताओं को नसीहत देते नजर आते हैं पर मैदान में उनका तहलका फ़िलहाल मचना बाकी है।

## मोदी के भरोसे भागीरथ, रामचंद्र तो खुद 'राम'




लोकसभा चुनाव में पहली बार दोनों प्रमुख राजनीतिक दलों के प्रत्याशी स्थानीय तथा एक ही जाति के होने से मुकाबला टक्कर का होना माना जा रहा हैं। भागीरथ चौधरी वर्तमान में बीजेपी से सांसद होते हुए एक बार फ़िर चुनावी समर में कूदे हैं। हालांकि विधानसभा चुनावों में किशनगढ सीट से हार का दंश उनका पीछा नहीं छोड रहा। बावजूद इसके भागीरथ को मोदी रूपी नाव के भरोसे चुनावी वैतरणी पार लगने का भरोसा है। उधर जीवन का आखिरी चुनाव लडने वाले कांग्रेस के रामचंद्र चौधरी खुद राम बनकर भागीरथ को पटखनी देने को उतावले हैं। अजमेर डेयरी पर एकछत्र राज करने और किसानों के हितैषी की छवि के चलते उन्हें शहरवालों से ज्यादा देहात वालों पर भरोसा है।

## अजमेर दक्षिण क्षेत्र में अनिता और द्रोपदी पर दारोमदार



लोकसभा चुनाव में भाजपा और कांग्रेस पार्टी के समर्थक अपने अपने उम्मीदवारों के पक्ष में कहने को तो पूरे जोर शोर से जुटे हैं लेकिन फ़िलहाल वोटों के गुणाभाग के आधार पर जीत का दावा करने का साहस खुले तौर पर दोनों प्रत्याशियों की जुबां पर नहीं आ रहा और ना ही उनके चेहरों पर राजयोग जैसा उत्साह ही झलक रहा। दोनों दलों ने फ़िलहाल सारी ताकत ग्रामीण क्षेत्रों में झोंकी हुई है। हालांकि अजमेर दक्षिण विधायक अनिता भदेल ने अपने विधानसभा क्षेत्र में भागीरथ चौधरी का रोड शो और जनसंपर्क कराकर चुनाव प्रचार में शुरुआती बढत दिलवा दी। कांग्रेस की विधानसभा प्रत्याशी रहीं द्रोपदी देवी कोली ने भी रामचंद्र चौधरी की उपस्थिति दर्ज करवाकर कांग्रेस को पिछडने नहीं देने के लिए जोर लगाया हुआ है।

## अधर झूल में लटकी ओंकारसिंह लखावत की फोटो



भाजपा कार्यालय में होटल के गार्डन में बैठकों और प्रेस वार्ता वाली जगह पर बाकायदा नेताओं के कट आउट और फ्लैक्स लगे हैं। इन्हें करीने से सजाया गया है। बस प्रदेश चुनाव संयोजक एवं आला नेता ओंकारसिंह लखावत की फोटो चुनाव कार्यालय खुलने के पहले दिन से लेकर सोमवार तक एक किनारे पर अधर झूल में टंगी नजर आई। मीडिया ने जब इस नजारे की ओर नजरें इनायत की तो आनन फ़ानन में लखावत की फ़ोटो को ठीक करने को मौके पर मौजूद नेता दौड पडे।

## रामचंद्र का परिवार भी चुनाव प्रचार में कूदा



कांग्रेस प्रत्याशी रामचंद्र के नामांकन भरने के दिन भी उनकी जीवनसंगिनी मूली देवी साथ थीं। अब चौधरी का पूरा परिवार उनके चुनाव प्रचार में जुटा नजर आ रहा है। घर घर जाकर समर्थन मांगा जा रहा है। चौधरी की पत्नी, पुत्री कांता मिर्धा, पुत्रवधु निधि चौधरी, ममता चौधरी ने मार्चा संभाला हुआ है।

## अखिल भारतीय आदि गौड़ आश्रम पुष्कर की कार्यकारिणी बैठक

पुष्कर। अखिल भारतीय आदि गौड़ आश्रम पुष्कर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष ओमप्रकाश गौड़ के नेतृत्व में कार्यकारिणी 2023-26 का गठन कर पदाधिकारियों का स्वागत कर उन्हें समाज सेवा करने का संकल्प एवं शपथ दिलाई गई।

**समाचार भेजने और विज्ञापन हेतु व किसी अन्य जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-**

मो. +91 9887907277, 7737385114

Email ID

sabgurunews@gmail.com

अजमेर-6/12बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील अजमेर 305001, राज.

जयपुर-D8, गोवर्धन कॉलोनी मोहन मार्ग, विवेक विहार मेट्रो स्टेशन के पास जयपुर 302019, राज.

## लोकसभा चुनाव: अजमेर में 14 अभ्यर्थी मैदान में,चुनाव चिह्न आवंटित

अजमेर। लोकसभा आम चुनाव.2024 के लिए निमा निदेशक पत्र वापस लेने की समय सीमा में तीन अभ्यर्थियो द्वारा नामांकन वापस लेने के उपखण्ड 14 उम्मीदवार चुनाव लडेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. भारती दीक्षित ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव में अजमेर जिले से 14 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में हैं। इन्हें सोमवार को प्रतीक आवंटित किए गए हैं। इसमें भागीरथ चौधरी भारतीय जनता पार्टी को कमल, रामचन्द्र चौधरी इण्डियन नेशनल कांग्रेस को हाथ, रामदेव बहुजन समाज पार्टी को हाथी, जितेन्द्र बोयत आजाद समाज पार्टी.कांशीराम को केतली, मुकेश गैना भारतीय युवा जन एकता पार्टी को हीरा, रामलाल अखिल भारतीय आमजन पार्टी को गुब्बारा, शहाबुद्दीन नेशनल फ्यूचर पार्टी को ऑटो रिक्शा, दया मोहन गर्ग निर्दलीय को लैटर बाक्स, प्रेमलता निर्दलीय को चारपाई, भंवरलाल सोनी निर्दलीय को ईंट, युसुफ निर्दलीय को बाँसुरी, विश्राम बाबू निर्दलीय को मोतियों का हार, सत्यनारायण माली निर्दलीय को कम्प्यूटर तथा सुरेन्द्र सिंह राणावत निर्दलीय को तरबूज़ चिह्न आवंटित किया गया।उन्होंने बताया कि 3 अभ्यर्थियों द्वारा नाम वापस लिए गए। असलम खान पठान ;निर्दलीय,देवेन्द्र सिंह राठौड़ ;निर्दलीय तथा धर्म सिंह ;निर्दलीय ने नाम वापस लिए।



## ट्रेन से लापता अजमेर की महिला रेखा बोहरा का शव 9 दिन बाद बरामद



अजमेर। राजस्थान में अजमेर से एक अप्रैल को जयपुर.उदयपुर इंटरसिटी रेलगाडी से उदयपुर के लिए निकली अजमेर निवासी महिला का शव मंगलवार को 9वें दिन भीलवाड़ा के हमीरगढ़ थाना क्षेत्र में रेलवे ट्रैक के पास पुलिया से बरामद किया गया।अजमेर में लापता महिला के परिजनों ने अजमेर जीआरपी थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी। उसके बाद से ही पुलिस महिला के लापता होने की गुत्थी सुलझाने में जुटी थी।

अजमेर पहुंची जानकारी के मुताबिक अजमेर से उदयपुर ट्रेन से जाते समय भीलवाड़ा के बाद लापता हुई अजमेर की महिला रेखा बोहरा ;42द्ध पत्नी संजय बोहरा की बनास नदी की पुलिया के पास शव मिला है।बताया जा रहा है कि पुलिस को सुबह सूचना मिली कि एक महिला का शव पुलिया के पास पड़ा है। इस पर पुलिस मौके पर पहुंचीए जहां पांच दिन पुराना शव होना बताया जा रहा है। पुलिस को जानकारी करने पर यह पता लगा कि यह ट्रेन से लापता हुई महिला का शव है। पुलिस ने मृत महिला के परिजनों को सूचना दी। मौके पर मृतका का आधार कार्डए कपड़े और चप्पल भी मिले हैं जिसके जरिये शिनाख्त हुई। उल्लेखनीय है कि मृतका रेखा बोहरा के लापता होने की प्राथमिकी उनके जेठ सुनील बोहरा ने दर्ज कराई थी। मृतका एक अप्रैल को जयपुर.उदयपुर इंटरसिटी ट्रेन के कोच संख्या सी.1 की बर्थ संख्या.9 पर सफ़र कर रही थी कि भीलवाड़ा के बाद से लापता हो गई।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक विजय सिंह ने मुद्रक किशन गुप्ता द्वारा इंडिया ऑफसेट प्रिंटर्स 419 ब्रह्मपुरी, जयपुर रोड से मुद्रित करवाकर कार्यालय 6/12 बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील, अजमेर (राज.) से प्रकाशित किया। सम्पादक- विजय सिंह मो. 9887907277 (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अजमेर रहेगा)